आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार करेंगे साझा ।
- प्रदेश भर में रेजिडेंट डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज भी जारी– स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत विकास के सारे कार्य ग्राम पंचायतें करेंगी तय ।

और

- किन्नौर जिला में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लोगों को बेहतर जीवन देने में निभा रही अहम भूमिका ।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

मुख्य सचिव सम्मेलन

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कल भी इस बैठक की अध्यक्षता की थी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के दौरान उन्होंने शासन और सुधारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की। तीन दिन का यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं पर निरंतर वार्ता के जरिए केंद्र– राज्य भागीदारी को मजबूत करना है।

यह सम्मेलन सहयोग पूर्ण संघवाद की प्रधानमंत्री की दृष्टि के अनुरूप है। यह एक ऐसा मंच है जहां केंद्र और राज्य देश की मानव पूंजी क्षमता को अधिकाधिक बढ़ाने और समावेशी तथा भविष्य के अनुरूप आर्थिक वृद्धि के लिए मिलकर रूपरेखा निर्धारित करते हैं। सम्मेलन का विषय – विकसित भारत के लिए मानव पूंजी है। इसमें राज्यों और केंद्र–शासित प्रदेशों के लिए सर्वोत्तम कार्यशैलियों को साझा किया जा रहा

है। सम्मेलन में पांच मुख्य क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा हो रही है। इनमें बाल शिक्षा, स्कूल शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, खेल और पाठयोत्तर गतिविधियां शामिल हैं।

## डॉक्टर हड़ताल

आई.जी.एम.सी शिमला सहित प्रदेश भर में रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ा है। हालांकि राज्य सरकार के सख्त निर्देशों के बाद आई.जी.एम.सी शिमला में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन की हड़ताल के बाद रूटीन ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं जबकि आपातकालीन ऑपरेशन जारी हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों ने कल आईजीएमसी में विरोध प्रदर्शन किया और डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी को रद्द करने की मांग की।

*मरीज से मारपीट मामले में बर्खास्त किए गए डॉक्टर की सेवाओं की बहाली की मांग को लेकर आईजीएमसी शिमला के रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं जिसका पूरे हिमाचल प्रदेश में रेजीडेंट डॉक्टर और डॉक्टर के अन्य संघ समर्थन कर रहे हैं। हड़ताल के चलते मरीजों को बिना इलाज के रहना पड़ रहा है हालांकि आज रविवार की छुट्टी होने के चलते हड़ताल का ज्यादा असर नहीं है लेकिन बीते कल मरीजों को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ी। दूसरी तरफ सरकार ने सख्त निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होनी चाहिए लेकिन रेजिडेंट डॉक्टर अपनी मांगों पर अडिग हैं। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। सरकार हर रोज मॉनिटरिंग कर रही है।रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल अनावश्यक है।मुख्यमंत्री के दिल्ली से शिमला लौटने पर इस मामले को लेकर डॉक्टर से बातचीत की जाएगी और विवाद को सुलझाने का सरकार प्रयास किया जाएगा।*

## विकसित भारत जी राम जी

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतें मिलकर अपनी विकास योजनाएँ तैयार करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि नए अधिनियम में निर्धारित समय के भीतर काम उपलब्ध न होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को पर्याप्त काम सुनिश्चित करने के लिए एक लाख 51 हजार करोड़ रुपये से ज़्यादा का बजट आवंटित किया गया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत के लिए गांवों के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, सभी विकास कार्य ग्राम पंचायत द्वारा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार मिलने की गारंटी वाले दिनों की संख्या एक सौ से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। उन्होंने कहा कि नए अधिनियम के तहत पारदर्शी और समय पर भुगतान, संपत्ति सृजन और आजीविका से जुड़े कार्यों के माध्यम से सतत आय सृजन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

*विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतें मिलकर अपनी विकास योजनाएँ तैयार करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि नए अधिनियम में निर्धारित समय के भीतर काम उपलब्ध न होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को पर्याप्त काम सुनिश्चित करने के लिए एक लाख 51 हजार करोड़ रुपये से ज़्यादा का बजट आवंटित किया गया है।*

आयुष्मान

किन्नौर जिला में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आम लोगों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत सहारा बन रही है। जिले में इस योजना के तहत कुल 15 हजार 8 सौ 28 आयुष्मान कार्ड लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिन्हें योजना का सीधा लाभ मिल रहा है। योजना के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती, ऑपरेशन, जांच और दवाइयों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे इलाज पर होने वाला आर्थिक बोझ कम हुआ है।

*जिला किन्नौर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आम लोगों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत सहारा बन रही है। जिले में इस योजना के तहत कुल 15 हजार 8 सौ 28 आयुष्मान कार्ड लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिन्हें योजना का सीधा लाभ मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभार्थियों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे गरीब, जरूरतमंद और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इलाज के लिए बाहर जाने की चिंता से राहत मिली है। योजना के अंतर्गत अस्पताल में भर्ती, ऑपरेशन, जांच और दवाइयों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे इलाज पर होने वाला आर्थिक बोझ कम हुआ है। आयुष्मान भारत योजना जिला किन्नौर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने और लोगों को बेहतर जीवन देने में अहम भूमिका निभा रही है।*

शिमला–कांगड़ा–कार्निवाल

राजधानी शिमला के विंटर कार्निवल में पर्यटकों व स्थानीय लोगों में खासा उत्साह और भारी भीड़ देखी जा रही है। कार्निवल में सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा लोग विभिन्न पारम्परिक व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं। कार्निवल की चौथी सांस्कृतिक संध्या में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संध्या में हिमाचली गायक राजीव राजा ने लोगों का खूब मनोरंजन किया और एक से बढ़कर प्रस्तुतियां देकर समा बांधा।

वहीं दूसरी ओर कांगड़ा वैली में चले रहे कार्निवल में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ये उत्सव स्थानीय कलाकारों को पहचान दिलाने के अलावा युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान कुमार साहिल की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा, लोकसंगीत और नृत्य की लय ने दर्शकों को भावविभोर किया।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने प्रदेश में डॉक्टरों की हड़ताल से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–डॉक्टर दूसरे दिन भी हड़ताल पर, मरीज बेहाल आपात स्वास्थ्य सेवाओं के लिए

एसओपी जारी। दैनिक जागरण का शीर्षक है–हिमाचल में डाक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईं। दिव्य हिमाचल व आपका फैसला का कहना है–डाक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

पंजाब केसरी लिखता है –केंद्र ने आपदा के लिए हिमाचल को दी 601 करोड़ 92 लाख रुपये की सहायता।

मौसम पर अमर उजाला का शीर्षक है–हिमाचल के 7 जिलों में कोहरे का अलर्ट, नए साल पर बारिश–बर्फबारी के आसार। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–दिसंबर में भी खिल रही चटख धूप –3 दिन तक बर्फबारी के आसार नहीं।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार करेंगे साझा ।
- प्रदेश भर में रेजिडेंट डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज भी जारी– स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत विकास के सारे कार्य ग्राम पंचायतें करेंगी तय ।
- किन्नौर जिला में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लोगों को बेहतर जीवन देने में निभा रही अहम भूमिका ।

———————————————————————